होटलों और रिसॉर्ट्स के वर्गीकरण के लिये 'नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली'

चर्चा में क्यों?

13 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिये उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने प्रदेश के ऑपरेशनल होटलों और रिसॉर्ट्स के स्टार वर्गीकरण की मंज़ूरी के लिये 'नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली' शुरू की है।

प्रमुख बिंदु

- नई वर्गीकरण प्रणाली का उद्देश्य प्रदेश में अधिक होटल कमरों की उपलब्धता, बेहतर सुविधाओं के साथ हॉस्पिटैलिटी उद्योग में सुधार, होटल और रिसॉर्ट्स को उद्योग के बराबर सब्सिडी और प्रोत्साहन प्रदान करना है।
- 'नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली' होटलों को उनकी गुणवत्ता, सेवाओं और समग्र सुविधाओं और अतिथि अनुभव के आधार पर वर्गीकृत करेगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- नई संशोधित वर्गीकरण प्रणाली में पाँच अलग-अलग श्रेणियाँ शामिल हैं- प्लैटिनम, डायमंड, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज। ये श्रेणियाँ पर्यटन मंत्रालय द्वारा निर्धारित होटल उद्योग की पारंपरिक स्टार रेटिंग क्रमशः 5-स्टार, 4-स्टार, 3-स्टार, 2-स्टार और वन स्टार वर्गीकरण के अनुरूप हैं।
- यह संशोधित प्रणाली पर्यटकों के लिये चयन प्रक्रिया को सरल बनाएगी और होटलों के बीच उच्च सेवा मानकों को प्रोत्साहित करेगी।
- इस प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त होटल कई प्रकार के प्रोत्साहनों के पात्र होंगे और उन्हें उद्योग मानक के तहत सब्सिडी और कर लाभ मिलेगा।
- उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) राज्य में न्यू स्टार होटल वर्गीकरण प्रणाली के कार्यान्वयन के लिये नोडल एजेंसी होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-star-classification-system-for-classification-of-hotels-and-resorts